एक नजर में

## शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जिले में आयुष्मान भारत निरामय योजना अंतर्गत बनाये जा रहे आयुष्मान कार्डों की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।**

बैठक में कलेक्टर ने बीओसीडब्लूसी, धरती आबा व 70. वाले आयुष्मान कार्ड की प्रगति रिपोर्ट देखी तथा सभी संबंधित अधिकारियों को 15 दिन का अभियान चलाकर प्रगति लाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड हेतु शेष हितग्राहियों की सूची प्राप्त कर डोर टू डोर संपर्क कर जानकारी एकत्रित की जाये। साथ ही आशा कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, रोजगार सहायक मिलकर 15 दिवस में जिले में शेष सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही करें। इसके बाद उन्होंने निर्देशित किया कि जिला अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट एकत्रित कर मुझे प्रस्तुत करेंगे।

# महाविद्यालय के भवन में हो रहा जगह-जगह रिसाव

**पहली बारिश में खुली घटिया निर्माण की पोल**

**बिल्डिंग में पानी के रिसाव से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित**






**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/ मोहनगढ़। शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ की नवीन भवन 7 माह पूर्व कलेक्टर के आदेश पर महाविद्यालय प्रबंधन मोहनगढ़ ने हैंड ओवर किया था। इस नवीन भवन की गुणवत्ता पहली बारिश में उजागर हो चुकी है। क्योंकि बारिश शुरू होते ही भवन में जगह-जगह पानी का रिसाब होना शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने उक्त भवन निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।**

दरअसल शासकीय महाविद्यालय मोहनगढ़ की बिल्डिंग का निर्माण कार्य 6 करोड़ 17 लाख 82 हजार की लागत से निर्माण एजेंसी भोपाल विकास प्राधिकरण एवं ठेकेदार भगवानदास अग्रवाल के द्वारा करवाया गया था। निर्माण कार्य में भौतिक सत्यापन के दौरान भी कई अनियमिताएं सामने आयीं थी। जिसे महाविद्यालय प्रबंधन मोहनगढ़ ने सुधार करने को लेकर निर्माण एजेंसी को कहा था। महाविद्यालय प्राचार्य राजेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसे आज दिनांक तक पूर्ण नहीं किया गया। जिसके चलते बारिश में इस समस्या ने उग्र रूप धारण कर लिया है।

शासकीय महाविद्यालय की इस नवीन बिल्डिंग को हैंडोवर लिए केवल सात माह ही पूर्ण हुए हैं। इस भवन में साल की पहली बारिश में ही जगह-जगह से पानी का रिसाव हो रहा है साथ ही जगह-जगह छत में दरारें देखने को मिल रहीं हैं। भवन में दरारें आने से महाविद्यालय की कक्षाओं में पानी फैल रहा है और पढ़ने वाले विद्यार्थी परेशान दिख रहे हैं।

गौरतलब है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनवाई गई बिल्डिंग पहली ही बारिश नहीं झेल पाई। बिल्डिंग कि इस दुर्दशा को देख महाविद्यालय प्रबंधन भी चिंतित है साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन ने बिल्डिंग में निर्मित अनियमितता का निदान करने को लेकर उच्च अधिकारियों को सूचना के बाद निर्माण एजेंसी को को पत्र लिखा है।

महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा है कि भवन की निर्माण कार्य में की गई अनियमित्ताओं को लेकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराया जाएगा। ताकि इसमें सुधार हो सके।

### पूरे मामले को लेकर कलेक्टर से करूंगा बात ...विधायक

पूरे मामले को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर से बात की गई तो उन्होंने कहा बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला है। यदि बिल्डिंग में पानी का रिसाव हो रहा है तो बच्चों को पढ़ाई कर पाना संभव नहीं है। गुणवत्तापूर्ण बिल्डिंग हो यह निर्माण एजेंसी की भी जिम्मेवारी है। मैं इस विषय पर कलेक्टर से बात करता हूं और यदि बिल्डिंग में पानी का रिसाव हो रहा है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लापरवाह ठेकेदार और निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

## गुरुपूर्णिमा पर लॉ कॉलेज में किया पौधरोपण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय टीकमगढ़ परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य पिछले वर्ष की सफलता को आधार बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय की भागीदारी को मजबूत करना है।**

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय का कार्यक्षेत्र महाविद्यालय तक सीमित न रहे, पारदर्शिता और गुणवत्ता भी आए। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की शिक्षा और उनके सम्पूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम, औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कर सामाजिक कार्यक्षेत्र में विद्यार्थियों का सहयोग, महाविद्यालय में बाहरी हस्तक्षेप को रोकना जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. गौरव रावत, सोम गुप्ता, विक्रम अहिरवार, विफुल जैन, हैरान यादव एवं शासकीय विधि महाविद्यालय का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहा।

# समावेश योजना में सहयोग का आश्वासन




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी टीकमगढ़ जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे द्वारा वित्तीय समावेशन योजना के परिपूर्णता के लिए कैंप को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया।**

बैठक में मुख्य महाप्रबंधक राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम अनुपमा सूद द्वारा विश्वास वंचित इकाई समूह और वर्गों को आर्थिक सहायता योजना के अंतर्गत ब्याज सब्सिडी सहायता प्रदान करने, एकल ऋण और स्व-सहायता समूह ऋण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, उनके द्वारा योजना में 5 प्रतिषत व्याज सब्सिडी सहायता के बारे में बताया गया। प्रबंधक राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम प्रशांत कुमार के द्वारा सफाई कर्मचारियों को ऋण प्रदाय किये जाने एवं ऋण के ब्याज अनुदान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही वरिष्ठों द्वारा कैंप को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया।

# बारिश से किसानों की बढ़ी मुश्किलें

**नवभारत न्यूज हरपालपुर। जिले सहित प्रदेश भर में लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों में पानी भर जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ना लाजिमी है, पिछले 48 घंटो में लगातार बारिश से किसानों को भारी नुकसान उठाना पडा है, मानसून की पहली बारिश में जिन किसानों ने बोवनी की थी, उनका बीज खराब होने लगा है। जिससे किसानों की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ रहीं हैं।**

जिले में लगातार बारिश से किसानों के खेत तालाब बन जाने पर करीब 50 फीसदी किसान अपनी बोवनी नही कर पा रहे है। क्षेत्र के कराठा, कुकरेल, भदर्रा, चिरवारी, अमामहेड़, नाऊपहारिया, लहादरा, गलान, सरसेड़, काकुनपुरा, कैथोकर ग्राम के किसानों का कहना है वे मौसम खुलने का इंतजार कर रहे है। किसान परम का कहना है बारिश किसानों को रुलाकर ही मानेगी, किसान कालीचरन का कहना है लगातार बारिश से खेत तालाब बन गए हैं, ऐसे में बोवनी नहीं कर पा रहे है। किसान कामता व भरोसी का कहना है बीज की खराब गुणवत्ता से बीज में अंकुरण नही आया वही किसान अजुद्दी का कहना है खेत में जल भराव से बीज सड़गया है। अब दुबारा बखराई कर बुबाई करनी पङरही है। किसान कन्हैया का कहना है सोयाबीन, मूंगफली, मूँग, उड्द, अरहर की फसल में अंकुरण नही आने से मेहनत पर पानी फिर गया। खरीफ की फसल का सीजन निकला जा रहा है।

# संयुक्त प्रयास से होंगे लोग लाभांवित : केन्द्रीय मंत्री



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री एवं टीकमगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभान्वित कराना ही दिशा की बैठक का मूल उद्देश्य है।**

उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रयासों से जिले का समग्र विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का जिले में सफल क्रियान्वयन कर शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाये। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे उपस्थित रहे।

## भूखंडों के लिये मांगे उद्यमी से 20 तक सुझाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र टीकमगढ़ राजशेखर पांडे ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील टीकमगढ़ का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति 20 जुलाई तक विभाग के पोर्टल पर अपने सुझाव भेज सकता है।**

उक्त औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्यमी प्रस्तावित उत्पाद तथा उत्पाद के दृष्टिगत भूखंडों के आवश्यक साईज के संबंध में अपना सुझाव 20 जुलाई 2025 तक ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजशेखर पांडे ने बताया कि जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

# अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटी बच्चों को साईकिल



**नवभारत न्यूज, पलेरा। ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किमी से अधिक सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने साइकिलें वितरित की हैं।**

जनपद पंचायत पलेरा अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय गंज पलेरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय नयागांव, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा में अध्ययनरत ग्रामीण क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई हैं।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य बालादीन अहिरवार, नीरेंद्र खरे, बीएसी कांता प्रसाद, इकबाल खान, रफीक खान, केशव गुप्ता, महेश खटीक, काशीराम यादव, संजय रजक, नीरज खरे पूर्व सरपंच एवं छात्र एवं छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों को साइकिल प्रदान करने के बाद जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों एवं छात्राओं को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी नहीं हो, इसके लिए सरकार ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना शुरू की है। जिसके तहत स्कूल से अधिक दूरी तय कर पैदल आने वाले छात्रों-छात्राओं को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी और वह सुगमता से स्कूल जा सकेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 5 किमी से अधिक सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने साइकिलें वितरित की हैं।

# पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया पर्दाफाश

**कंट्रोल रूम में पत्रकारवार्ता कर दी मीडिया को जानकारी**

**पुलिस ने चार आरोपियों को माल सहित किया गिरफ्तार**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों हुई तीन चोरियों को पुलिस कंट्रोल रूम में गुरूवार को खुलासा किया गया। चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में सभी घटनाओं की जानकारी मीडिया से साझा की।**

खुलासा करते हुए बताया गया कि थाना देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना देहात अन्तर्गत हुई चोरियों में आरोपी आशीष यादव पिता रमेश यादव 25 वर्ष निवासी मजरा पहाडी खुर्द को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। जिसमें उसने बताया कि गत 23 मई को उसके द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने स्थित दुकान से इलेक्ट्रानिक का सामान 1 सेमसंग कम्पनी की एलईडी, 1 फेन्टोक कंपनी की एलईडी 1, एचपी कंपनी का प्रिन्टर, 1 जिन्दल कंपनी का कूलर, 1 मिन्त्रा कंपनी की फिंगर डिवाइस जिनकी कुल कीमती 25 हजार रूपये की चोरी की घटना को अपने दोस्तो अभिषेक यादव 20 वर्ष निवासी हीरानगर, प्रवेश यादव 22 वर्ष निवासी मजरा पहाडी खुर्द के साथ मिलकर अंजाम दिया था। इसके अलावा 20 बोरी गेहूँ की एवं 6 बोरी महूआ की एवं 1 टेक्सी आपे कुल कीमती ढाई लाख रूपये की अपने दोस्तो अभिषेक यादव 20 वर्ष निवासी हीरानगर, प्रवेश यादव, ईशु यादव 20 वर्ष निवासी मजरा पहाडी खुर्द के साथ मिलकर चोरी किया था। इन लोगों ने 5-6 जुलाई की दरमयानी रात को अस्पताल चौराहे के पास स्थित मेडीकल दुकान से भी रूपयो की चोरी की थी एवं टीकमगढ के अन्य थाना क्षेत्रो में भी चोरी की वारदातो को अंजाम दिया था।

पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की सामग्री बरामद की है। उक्त कार्यवाही में देहात थाना प्रभारी चन्द्रजीत सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक सीताराम यादव, रामपाल सिंह, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, सुनील राय, विकाश मिश्रा,रज्जन रैकवार, आरक्षक मनोज नायक, अरविन्द्र निरंजन, मुकेश उपाध्याय, जीतेन्द्र, अरवाज अली, योगेश,महिला आरक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**व्यवस्था** — बान सुजारा परियोजना के एसडीओ ने कराई व्यवस्था

# धसान नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते बांध के दो और गेट खोले



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून की सक्रियता से जिले में लगातार बारिश हो रही है। बुधवार दोपहर लगभग 2.30 बजे से शुरू हुई बारिश रात भर जारी रही। प्रशासन के निर्देश पर अनवरत रूप से जारी इस बारिश के कारण धसान नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बान सुजारा परियोजना के एसडीओ आरएस शेजवार के द्वारा अभी तक सुजारा बांध के 9 गेट खुलवाए जा चुके हैं। जिससे इस बांध से जुड़े हुए नदी व तालाबों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है जिसके लिए प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के पास न जाने की अपील की है।**

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में दूसरे दिन गुरूवार के रोज सुबह से ही पानी की तेज बौछारों का आलम बदस्तूर जारी रहा जो दोपहर 12 बजे तक चला। जिले में पिछले 24 घंटों में जिले में 45.6 मिलीमीटर यानि1.8 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। बल्देवगढ़ तहसील में सर्वाधिक 75 मिलीमीटर 3 इंच वर्षा हुई। अन्य क्षेत्रों में लिधौरा में 63, पलेरा में 58, जतारा में 46, खरगापुर में 40, टीकमगढ़ में 37, बड़ागांव धसान में 36 और मोहनगढ़ में 10 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। 1 जून से 9 जुलाई तक जिले में 562.1 मिलीमीटर यानि 22.1 इंच औसत बारिश हो चुकी है। जोकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 231.6 मिलीमीटर (9.01) इंच वर्षा हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष लगभग 13 इंच अधिक बारिश हुई है।

बान सुजारा बांध के 9 गेट खोलकर 540 घन मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार से पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे धसान नदी के निचले हिस्से में करीब 10 फीट तक पानी बढ़ गया है। हालांकि बांध परियोजना के अधिकारियों ने पहले ही सूचना जारी कर दी थी। जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने नदी से दूरी बना ली है। बड़ागांव में नदी पर नया पुल बन गया है। जिससे आवागमन जारी है। इसके पहले नदी का पानी बढ़ने पर पुल डूब जाता था और आवागमन बंद हो जाता था। नया पुल बनने से लोगों को राहत है। जिले का कुल वार्षिक औसत 1000 मिलीमीटर (40 इंच) है। वर्तमान में टीकमगढ़ तहसील में 780, पलेरा में 772, मोहनगढ़ में 603, खरगापुर में 538, बल्देवगढ़ में 498, लिधौरा में 461, जतारा में 455 और बड़ागांव धसान में 390 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### झरने की तरह बह रहा डेम का पानी

लगातार हुई बारिश से जामनी नदी का जल स्तर बड़ गया है। नदी में पानी आने से बरीघाट डेम लबालब हो गया है। डेम से तीन फीट ऊपर पानी जाने से झरना की तरह बह रहा है।अधिकारियों ने लोगों से बारिश के मौसम में डेम पर ना जाने की सलाह दी है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया।

## आज होगी तृतीय चरण की चॉइस फीलिंग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले में संचालित शासकीय आईटीआई टीकमगढ़, पलेरा एवं बल्देवगढ़ में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 11 जुलाई तक तृतीय चरण के अंतर्गत चॉइस फिलिंग तथा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही कर सकते हैं। तृतीय चयन सूची 17 जुलाई को विभाग के पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी। तृतीय चरण के अंतर्गत प्रवेश की कार्यवाही 17 जुलाई से 19 जुलाई तक संबंधित संस्था में की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व से आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन कर चुके आवेदकों के लिए निम्नानुसार कार्यवाही करना आवश्यक होगी।**

प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण के यदि आवेदक को एलॉटमेंट नहीं मिला है तो ऐसे आवेदकों की च्वाईस फिलिंग यथावत रहेगी।

# 13 सितम्बर को लगेगी लोक अदालत



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार राष्ट्र के लिये मध्यस्थता विशेष अभियान एवं 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे एवं तहसील न्यायालय जतारा, निवाड़ी व ओरछा के समस्त न्यायाधीशगण व्ही.सी. के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा एक जुलाई से 90 दिवसीय राष्ट्र के लिये मध्यस्थता विशेष अभियान के सफल क्रियांवयन के लिए न्यायाधीशगणों से चर्चा की गई।